क्विक हील फाउंडेशन की ओर से वाशिम में मरीजों के लिए एम्बुलेंस प्रदान की गई. इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.

क्विक हील फाउंडेशन की ओर से वाशिम के मरीजों के लिए एम्बुलेंस प्रदान

पुणे, 11 अगस्त (आ.प्र.)

देश के ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवा में सुधार हेतु अपनी प्रतिबद्धता के तौर पर, क्विक हील लिमिटेड की सीएसआर शाखा क्विक हील फाउंडेशन की ओर से वाशिम में मेडिकल अधिकारियों को दो अत्याधुनिक वाहन आरोग्य यान प्रदान किए गए. यह कार्यक्रम क्विक हील फाउंडेशन की प्रमुख अनुपमा काटकर, वाशिम के जिलाधिकारी षण्मुगराजन एस., वाशिम के जिला परिषद सीईओ वासुमना पंत, असिस्टेंट कलेक्टर कुलदीप जंगम और क्विक हील फाउंडेशन के सीएसआर मैनेजर अजय शिर्के की उपस्थिति में संपन्न हुआ. इस उपक्रम के साथ ही क्विक हील फाउंडेशऩ ने मनोर और रिसोड तहसील के 1 लाख से अधिक लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करके उसके सकारात्मक परिणाम साधने का लक्ष्य सामने रखा है. सुधार की अत्यंत आवश्यकता रखने वाले वाशिम जिले के दुर्गम इलाकों में हॉस्पिटल में ले जाने के लिए एम्बुलेंस न होने पर मरीजों को जीप अथवा रिक्शा जैसे निजी वाहनों का इस्तेमाल करना पड़ता है. क्विक हील का आरोग्य यान वाशिम के डॉक्टर और मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगा.